Reg. No. :- JH-11-0004329

# अपेम लाइव न्यूज

(Art, Agriculture, Press & Education, Health Management)
(अपेम ट्रस्ट के अंतर्गत बरही से संचालित एवं प्रसारित, Reg. No. :- 2020/BAR/80/BK/01)

APEM LIVE NEWS सच का साथी

दैनिक संध्या डिजिटल अखबार | सच का साथी | दिनांक 09-12-2021 | अंक 79

Website- www.apemlive.com संपर्क सूत्र :9550809864,9431129570,9934337941,8969504178 Email Id- liveapem@gmail.com

## न्युज ब्रीफ

### सूचना

बरही प्राइवेट आईटीआई में 12 दिसम्बर तक वैसे बच्चे जो फीटर में नामांकन करवाना चाहते है। वैसे बच्चो के लिए फिटर में भारी छूट है। मात्र 25000 में फीटर कम्पलीट कराया जा रहा है। वैसे बच्चे जो SC,ST,OBC के अन्तर्गत आते है। उन बच्चों को कल्याण विभाग की और से 18000 की छात्रवृत्ति प्राप्त होगी।




# उत्क्रमित मध्य विद्यालय बरहीडीह में शिक्षको के मिली भगत से मध्याह्न चावल बेचने का हुआ भंडाफोड़

## शिक्षक एवं व्यापारी को ग्रामीणों को पकड़ा। मौके पर पहुंची पुलिस, अध्यक्ष ने कहा समिति लेगी निर्णय




हंगमा करते ग्रामीण




बरामद ऑटो सहित चावल

**अपेम लाइवः बरही**

बरही प्रखंड अंतर्गत उत्क्रमित मध्य विद्यालय बरही डीह में बच्चों को दी जाने वाली मध्याहन भोजन का चावल चोरी चुपके बेच रहे शिक्षक एवं चावल ब्यापारी को ग्रामीणों ने रंगे हाथ पकड़ा। प्राप्त जानकारी के अनुसार इसी विद्यालय के एक शिक्षक रंजीत कुमार ने चावल व्यापारी (सुनील केशरी )को चावल बेचने को लेकर बुलाया। जब चावल को ऑटो में लोड करते ग्रामीणों ने देखा तो ग्रामीणों ने इसका विरोध कर शोर सराबा करना शुरू कर दिया और ऑटो सहित चावल व्यापारी को ग्रामीणों ने बंधक बना लिया। जब चावल व्यपारी से पूछा गया तो उन्होंने कहा कि रंजीत कुमार नाम के एक शिक्षक ने मुझे फ़ोन करके बुलाया और कहा कि मेरे विद्यालय में चावल है, उसे बेचना है। आप आप आ जाए। साथ ही उन्होंने कहा कि विद्यालय के सभी शिक्षक एवं प्रधानाचार्य के सामने चावल को ऑटो में लोड किया गया। वहीं जब विद्यालय के प्रधानाचार्य से जब पूछा गया तो उन्होंने कहा कि इस बात की मुझे कोई जानकारी नही है। वहीं जब शिक्षक रंजीत कुमार ने भी इस मामले से खुद पल्ला झाड़ दिया। ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस भी मौके पर पहुंची। इस संबंध में विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष प्रमोद सिंह ने शिक्षकों का बचाव करते हुए कहा कि विद्यालय में जो चावल पहले से स्टॉक था। उसमें कीड़ा लग चुका था । जिसे एक बैठक में बेचने की बात हुई थी। लेकिन इन शिक्षकों ने मुझे बिना सूचित किये चावल बेचा है। इस मामले को समिति की बैठक में निर्णय लिया जाएगा। मौके पर कुल सात बोरी चावल बेचते पाया गया है। ग्रामीणों का कहना था कि बच्चो के हक पर डाका डाला जा रहा है। दोषियों के खिलाफ कार.ʽवाई होनी चाहिए। ग्रामीणों ने सवाल किया कि जब बच्चों के लिए ही चावल उनकी उपस्थिति के अनुसार ही आता है तो चावल कैसे बच गया। इसका मतलब है कि फर्जी उपस्थिति दिखाकर चावल को स्टॉक किया जाता है। मौके पर बरही पाश्चमी मुखिया रमेश ठाकुर, भावी मुखिया उम्मीदवार गोविंद ठाकुर, राम कृपाल राम, लखन सिंह, बाबूलाल पासवन, आदित्य राणा, राजू राणा, कार्तिक पासवन, मनोज पासवन, सुरेंद्र पासवन,विजय ठाकुर एवं अमित कुमार सिंह मौजूद थे।

## छत से गिरकर किशोर घायल, रेफर

**अपेम लाइव : बरही**

कोनरा पंचायत के साकरी मुहल्ला निवासी 14 वर्षीय कमरान अख्तर छत से गिरकर घायल हो गया। गिरने के वजह से कमरान का हाथ फ़्रैक्चर हो गया। उन्हें बरही अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती किया गया। प्राथमिक उपचार के बाद हज़ारीबाग़ सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया।



घायल किशोर

## देश के पहले सीडीएस के शहीद होने पर जीप प्रतिनिधि मो क्यूम ने शोक व्यक्त



मो0 क्युम

भारतीय सेना के सीडीएस बिपिन रावत एवं धर्मपत्नी सहित उनके साथ सभी डिफेंस स्टाफ के आकस्मिक विमान दुर्घटना में निधन से देश को अपूरणीय क्षति हुई है। पूरा देश उनकी निधन पर मर्माहत है। साथ ही उन्होंने श्रद्धांजलि अर्पित भी किया है।


## करसो के पास एनएच 33 के किनारे फेंका हुआ मिला बुजुर्ग का शव



सड़क के किनारे पड़ा बुजुर्ग का शव

**अपेम लाइव : बरही**
**मो0 उस्मान**

देवचन्दा मोड़ एवं करसो के बीच एनएच 33 के किनारे एक 70 वर्षीय बुजुर्ग का शव फेंका हुआ मिला। बुजुर्ग की पहचान फिलहाल नही हुई है। सूचना पर बरही पुलिस घटना स्थल पर पहुंचकर शव को अपने कब्जे में करके पोस्टमार्टम के लिए हज़ारीबाग़ भेज दी है। पोस्टमार्टम के बाद शव को पहचान के लिए मुर्दा कल्याण समिति को सौप दिया गया है। शव को देखने से ऐसा प्रतीत हो रहा है जैसे वह बीमार थे। उन्हें इलाज के लिए कहीं ले जाया जा रहा था। क्योंकि सलाईन पाइप उसके शरीर मे लगा हुआ था। वही ऑक्सीजन सपोर्ट के लिए भी पाइप लगा था। साथ ही कम्बल में लपेट कर ले जाया जा रहा था। लेकिन बीच रास्ते मे ही बुजुर्ग ने दम तोड़ दिया। उसे अस्पताल ले जा रहे लोगों ने उसे सड़क के किनारे फेंक कर चल दिए। मानवता एवं इंसानियत को शर्मसार करने वाली घटना को जिसने भी देखा सुना। सभी ने कहा कि ऐसा नही करनी चाहिए थी।




डेस्क प्रभारीः बिरेन्द्र कुमार | सहयोगीः सोनू पंडित, | एडिटिंग- धनंजय कुमार | मैनेजिंग डायरेक्टरः डॉ० अनिल कुमार

सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजिटल न्यूजपेपर



## रेन्बो स्कूल बरही में बिपिन रावत के निधन पर शोक सभा का किया गया आयोजन

### बिपिन रावत की सेवाओं पर देश को सदैव गर्व रहेगा : सिकन्दर प्रसाद कुशवाहा



शोक सभा मे शामिल रेन्बो स्कूल के शिक्षक व बच्चे

**अपेम लाइव : बरही**

रेन्बो स्कूल बरही में तमिलनाडु के कुन्नूर में हेलीक०प्टर में सीडीएस जनरल बिपिन रावत, उनकी पत्नी मधुलिका रावत और सशस्त्र बल के अन्य अधिकारियों के निधन पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस दौरान सभी शिक्षकों तथा छात्र, छात्राओं ने दो मिनट का मौन धारण किया। निदेशक सिकन्दर प्रसाद कुशवाहा ने कहा कि बिपिन रावत के योगदान को कभी नहीं भुलाया जा सकता है। उनका आकस्मिक निधन हमारे सशस्त्र बलों और देश के लिए एक अपूर्णीय क्षति है। शौर्य, साहस व पराक्रम की प्रतिमूर्ति चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल बिपिन रावत के आकस्मिक निधन से स्तब्ध हूं। उनकी सेवाओं पर देश को सदैव गर्व रहेगा। हम विद्यालय परिवार उन्हें अश्रुपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं। मौके पर शिक्षको में गौरीशंकर , राहुल सिंह, प्रवीण कुमार, खुशबू सिंह, पवन कुमार, स्वेता कुमारी, रिफ्फत प्रवीण, रिंकी कुमारी, रानो कुमारी, सुधा कुमारी, महेंद्र प्रसाद, उषा कुमारी, सरिता कुंमारी, पूजा कुमारी आदि उपस्थित रहे।

## एम्बिशन अकादमी में देश के पहले सीडीएस के निधन पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन

**अपेम लाइव : बरही**

बरही प्रखण्ड अंतर्गत मलकोको पंचायत में संचालित एम्बिशन अक. ादमी में बच्चों द्वारा शहीद सीडीएस जनरल विपिन रावत को भावभीनी श्रधांजलि दिया गया। वहीं अकादमी के संस्थापक अज़हरुद्दीन ने बच्चों को उनके जीवनी और सैन्य शक्ति को बताया। भारत के पहले सीडीएस जनरल बिपिन रावत का बुधवार को तमिलनाडु के कुन्नूर में हेलीकॉप्टर क्रैश में उनका निधन हो गया। बिपिन रावत के इस कुर्बानी को पूरा भारत याद रखेगा। इस श्रधांजलि सभा में शिक्षक सोएब अख्तर, अकादमी के तरन्नुम प्रवीण, रुकसार, आयेशा, तबस्सुम, नाजिया, साजिदा, आयेशा, पिंटू कुमार, आलिम, मुस्तकिम, साकिर, सुनीता, नूरजहाँ, कमर रज़ा, खुसबू, साहिना, मुस्कान, शायरा, रिज़वाना, रबीना, खुसबू, पम्मी, अंजली ,सानिया ,आबिद ,शाहिल माहेजहाँ,तथिर ,निज़ामुद्दीन आदि लोग उपस्थित रहे।



श्रद्धांजली सभा मे शामिल शिक्षक व बच्चे

## डॉ भीमराव अंबेडकर पब्लिक स्कूल में देश के पहले सीडीएस के निधन पर श्रदांजलि सभा का किया गया आयोजन




मौन धारण कर शोक व्यक्त करते शिक्षक व बच्चे

**अपेम लाइव : बरही**

डॉ भीमराव अंबेडकर पब्लिक स्कूल मलकोको में भारत के पहले [CDS] पूर्व थल सेना अधिकारी विपिन रावत जी का श्रद्धांजलि अर्पित कर दो मिनट का मौन धारण कर शोक व्यक्त किया गया। विधलाय कि प्रधानाध्यपक ने कहा कि इनका दुर्घटना में मौत होने से भारत को बहुत बड़ी क्षति हुई है। विधालय परिवार उन्हें शत-शत नमन करती है। मौके पर प्रधानाध्यपक गुलाब कु दास, सूरज दास, दिनेश यादव, शंकर दास, परवीन कुमार, रोहित कुमार यादव, सकलदेव कुमार, सीमा कुमारी सहित विधालय के बच्चे उपस्थित थे।

9122222016
बिरेन्द्र कुमार
महालक्ष्मी फर्नीचर
जो सजाए आपके सपनों का घर...
डबल बेड, सिंगल बेड, दीवान, सोफा, कुर्सी, ड्रेसिंग, डाइनिंग टेबल इत्यादि।
सस्ता एवं फैन्सी फर्नीचर का बेहतरीन कलेक्शन




ATM
ग्राहक सेवा केन्द्र
स्टूडियो एवं फोटोकॉपी

## दुलमाहा में आपके अधिकार-आपकी सरकार, आपके द्वार'' कार्यक्रम के तहत शिविर का आयोजन

### शिक्षा, स्वास्थ्य ,पीडीएस सहित दर्जनों स्टॉल लगाकर दी गई सरकारी योजनाओं की जानकारी



**अपेम लाइव : बरही**

झारखण्ड सरकार के दो वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य पर हजारीबाग जिले के सभी पंचायतों में शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में दुलमहा पंचायत में शिविर का आयोजन किया गया। शि. विर का उद्घाटन बरही विधानसभा विधायक उमाशंकर अकेला, विधायक प्रतिनिधि विनोद यादव, सीओ अरविंद देवाशीष टोप. पो, जिला महासचिव अब्दुल मनान वार्सी, जीप प्रतिनिधि गणेश यादव एवं मुखिया तब्बसुम आरा ने संयुक्त रूप से दीप जलाकर किया। इस शिविर में शिक्षा, स्वास्थ्य, पीडीएस, सामा. जिक सुरक्षा पेशन, मत्स्य विभाग, कृषि एवं श्रम विभाग का स्टॉल लगाया गया। मौके पर आधार शुद्धिकरण का कार्य किया गया। नए राशन कार्ड लभुको का आवेदन लिया गया। शिविर में लगे विभिन्न विभागीय स्टालों में सरकार द्वारा संचालित लोक कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई एवं योग्य लाभुकों से योजना संबंधी आवेदन प्राप्त करते हुए उनका त्वरित निष्पादन किया गया। साथ ही आमजनों की समस्याओं व शिकायतों का निराकरण भी किया गया। इस शिविर में स्थानीय जनमानस से योग्य लाभूक के आधार पर राशनकार्ड, जॉब कार्ड, पेंशन, विभिन्न प्रमाण-पत्रों, मनरेगा, केसीसी, श्रम नि. बंधन, विद्युत, 15वें वित्त, स्कॉलरशिप, दाखिल-खारिज, वनाधिकार सहित अन्यान्य आवेदन प्राप्त कर त्वरित निष्पादन किए गए। साथ ही इन शि. विरों में पहुंचने वाले स्थानीय ग्रामीणों को सरकार द्वारा संचालित जनोपयोगी एवं रोजगारा. ेन्मुखी योजनाओं की विस्तृत जानकारी पोस्टर, पम्फलेट, बैनर व ऑडियो-विडियो के माध्यम से जानकारी दी गई ताकि वे इन योजनाओं के बारे में जान सके और स्व. रोजगार कर मुख्यधारा से जुड़ते हुए बेहतर जीविकोपा. र्जन कर सकें। वहीं शिविर में स्वास्थ्य विभाग के तरफ जांच स्टॉल लगाकर शिविर में आये ग्रामीणों का स्वास्थ्य जांच की सुविधा दी गई।



कार्यक्रम मे उपस्थित लोग

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर

# बरही पश्चिमी जिला परिषद के शिक्षित,योग्य, कर्मठ, अनुभवी एवं गरीबो का मसीहा, भावी उम्मीदवार श्रीमती कुंती देवी (शिक्षिका) का संकल्प,

# बरही पश्चिमी जिला परिषद क्षेत्र को आदर्श जिला परिषद बनाना है।

**शिक्षा, स्वास्थ्य, सिंचाई व स्वरोजगार पर जोर, बरही चौक का सुंदरीकरण हमारी प्राथमिकता**



श्रीमती कुंती देवी
भावी जिला परिषद प्रत्याशी
बरही पश्चिमी भाग

## हमारा विजन, सोच एवं हमारा लक्ष्य

1. बरही के प्रवासी मजदूरों के लिए बरही क्षेत्र में ही स्वरोजगार की व्यवस्था करना।
2. स्वयं सहायता समूह को बढावा देकर महिलाओं को स्वरोजगार से जोडना एवं महिला सशक्तिकरण पर जोर।
3. छात्र युवाओं के लिए तकनीकी शिक्षा की व्यवस्था कर स्वरोगार की व्यवस्था करना।
4. लघु एवं कुटीर उद्योग को बढावा देना।
5. बरही में पॉलटेक्निक कॉलेज एवं महिला कॉलेज की स्थापना।
6. बुजुर्गों एवं विधवा महिलाओं को प्राथमिकता के आधार पर वृद्धावस्था, समाजिक सुरक्षा पेंशन उपलब्ध कराना
7. गरीब असहाय बुजुर्गो के लिए आवासीय आश्रम की व्यवस्था सरकारी सहयोग से करना ।
8. खेल एवं खिलाडियों के विकास के लिए खेल सामग्री एवं बरही में संसाधन युक्त एक खेल स्टेडियम का निर्माण करवाना
9. रियाडा प्रक्षेत्र में स्थानीय लोगों को रोजगार उपलब्ध कराना
10. बरही के जलाशयों से सिंचाई की व्यवस्था कराने पर रहेगा जोर



तापेश्वर प्रसाद
समाजसेवी ,
बरही पश्चिमी भाग

**वायदे ही नही इरादे भी, नई सोच के साथ बरही का विकास भी, आइए हम सब मिलकर बरही के विकास के लिए श्रीमती कुंती देवी को साथ दें ।**

निवेदकः बरही पश्चिमी जिप क्षेत्र की जनता

डेस्क प्रभारीः बिरेन्द्र कुमार सहयोगीः सोनू पंडित, एडिटिंग- धनंजय कुमार मैनेजिंग डायरेक्टरः डॉ० अनिल कुमा

## शिक्षा केवल नौकरी के लिए ही नही, बल्कि चरित्र निर्माण के लिए भी जरूरी है : नाजिर अख्तर

### एसडीपीओ ने भामाशाह विद्यालय में बच्चो को पढ़ाया नैतिकता एवं चरित्र निर्माण का पाठ

**अपेम लाइव : बरही**


बच्चो को नैतिकता की पाठ पढ़ाते एसडीपीओ नाजिर अख्तर

संस्कार युक्त शिक्षा के नाम से प्रसिद्ध भामाशाह सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में बरही के एसडीप.ीओ नाजिर अख्तर ने बच्चो को नैतिकता एवं चरित्र निर्माण की पाठ पढ़ाया। उन्होंने बताया कि मैं पूर्व में एक शिक्षक रह चुका हूँ। इसलिए भामाशाह विद्यालय के बच्चों की शैक्षणिक व्यवस्था से काफी प्रभावित हूँ। उन्होंने बच्चो को संबोधित करते हुए कहा कि आपको अपना संस्कार नहीं भूलना चाहिए। समय से पढ़ाई करनी चाहिए। पढ़ाई के बाद दोबारा उसे स्मरण करना चाहिए। कठिनाइयों के बाद भी पढ़ाई नहीं छोड़नी चाहिए। हमें स्वावलंबी बनना चाहिए। पढ़ाई केवल नौकरी पाने के लिए ही नहीं बल्कि एक सभ्य नागरिक होने के लिए करनी चाहिए। पढ़ाई समय सारणी के अनुसार हो। विषय का चयन भी अपनी रूचि के अनुसार हो। पढ़ाई पूरी तरह ध्यान देकर करनी चाहिए। कहा कि शिक्षा बच्चो की सर्वांगीण विकास का मार्ग प्रशस्त करता है। इसलिए शिक्षा ग्रहण के लिए जो समय मिला है, उसका सदुपयोग करनी चाहिए। क्योंकि जो समय एक बार निकल गया, वह दुनिया मे कभी दोबारा नही आएगी। अच्छे लोगों, महापुरूषों की जीवनी पढकर उनके जीवन की अच्छाई को ग्रहण करनी चाहिए। मौके पर विद्यालय प्रबंध कारिणी समिति से अध्यक्ष गुरुदेव गुप्ता सचिव, उमेश कुमार उपाध्यक्ष, मनोज कुमार, विद्यालय के प्रधानाचार्य रजनीश पांडेय और पूर्व प्रधानाचार्य श्री अरुण कुमार चौधरी आदि प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

## पिपराडीह में आपके अधिकार, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन

### सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाना उद्देश्य : धीरज कुमार

**अपेम लाइवः चँदवारा**


कार्यक्रम में मौजूद बीडीओ, मुखिया व थाना प्रभारी

चंदवारा प्रखंड के पिपराडीह पंचायत अंतर्गत उत्क्रमित मध्य विद्यालय पिपराडीह में गुरुवार को आपके अधिकार, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि प्रखंड विकास पदाधिकारी संजय कुमार यादव, जिप सदस्य महादेव राम व मुखिया धीरज कुमार ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इस दौरान बीडीओ संजय कुमार यादव ने सरकार की योजनाओं को विस्तार पूर्वक ग्रामीणों के बीच रखा। जिप सदस्य महादेव राम ने कहा कि राज्य सरकार विभिन्न पंचायतों में इस प्रकार के कार्यक्रम करवा कर बहुत ही सराहनीय काम कर रही है। उन्होंने अधिकारियों से मांग करते हुए कहा कि जितने भी आवेदन शिविर में जमा किए गये हैं, उस पर अमल किया जाना चाहिए। पिपराडीह पंचायत प्रधान धीरज कुमार ने कहा कि योग्य लाभुकों को कई योजनाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा था ऐसे में शिविर के माध्यम से वे सरकार द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिल पायेगा। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा संचालित योजनाओं से जो ग्रामीण वंचित है, उन्हें उन योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए मेरे द्वारा लगातार प्रयास किया गया है। सरकार का उद्देश्य है कि कल्याणकारी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति को मिले। पहले लोगो को सरकार की योजनाओं का लाभ लेने के लिए अधिकारियों और दफ्तरों के चक्कर लगाने पड़ते थे। लेकिन अब सरकार घर तक खुद पहुंचकर लोगों की जरूरतें पूरी करने और उनकी समस्याओं का समाधान करने में जुटी है। इस कार्यक्रम में हर विभाग का स्टॉल लगाया गया, जहां जमीन से संबंधित समस्या,राशन कार्ड, वृद्धा पेंशन, आयुष्मान कार्ड, आवास योजना सहित अन्य योजनाओं के योग्य लाभुकों को लाभान्वित किया गया। साथ ही उन्हें योजनाओं की विस्तृत जानकारी उपलब्ध कराई गई। मौके पर डैम ओपी प्रभारी मदन मुंडा, अंचल निरीक्षक दिनेश राम पंचायत सचिव राकेश सिन्हा रोजगार सेवक अशोक रविदास, प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी कुंदन सिन्हा, किशोर दास, दिनेश यादव, टुकलाल दास, राजेंद्र पंडित, महेश रजक, अरविंद रजक, उमेश रजक, भरत कुमार, बीएफटी संतोष पासवान, सहित प्रखंड व अंचल कर्मी व ग्रामीण मौजूद थे।

**आज का पंचाङ्ग----**

आज का अंग्रेजी दिनांक :---10.12.2021
शुभसंवत् :---2078(आनंद)
शके :---1943
याम्यायन याम्यगोलः
ऋतु :---हेमन्त
माह :---मार्गशीर्ष
पक्ष :---शुक्ल पक्ष
तिथि :---सप्तमी तिथि
दिन :---शुक्रवार
नक्षत्र :---सतभिषा नक्षत्र
योग :---हर्षण
करण :---गर
सूर्योदय :---प्रातः 06:46
सूर्यास्त : संध्या 05:14
सूर्य :---वृश्चिक राशि में
चंद्रमा :---कुम्भ राशि में
आज का राहूकाल दिन :---10:30 बजे से दिनः---12:00 बजे तक
अभिजीत मुहूर्त :---दोपहर 11:36 से 12:24 तक

(नोट :---कोई भी नया और शुभ कार्य जिस कार्य से चिरकाल तक लाभ लेना हो ऐसे प्रत्येक कार्य को अभिजीत मुहूर्त में प्रारंभ करना चाहिए यह अभिजीत मुहूर्त हरिकवती प्रिये है वहीं राहुकाल में कोई भी शुभकार्य प्रारंभ नही करना चाहिए। वहीं बुधवार को अभिजीत मुहूर्त में सभी कार्य वर्जित माना जाता है)

आज का पर्व त्यौहार, मुहूर्त व खास :---आज भोलेनाथ को दुग्धाभिषेक भौतिक सुखों में वृद्धि होता है।

(नोट :---09-12-2021 के संध्या 04:05 से 14-12-2021 प्रातः05:08 तक पंचक रहेगा।)


संदीप शर्मा

आलेख---
संदीप शर्मा
(वास्तु, कर्मकाण्ड व कुंडली परामर्श)
पुजारी--माँ भद्रकाली मंदिर इटखोरी, चतरा
सम्पर्क सूत्र-9931585660

APEM LIVE NEWS
सच का साथी

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर











## कोनरा पंचायत के भावी मुखिया उम्मीदवार सैरा खातून का संकल्प : कोनरा पंचायत को आदर्श पंचायत बनाना ।




### हमारा संकल्प, वायदे ही नही इरादे भी,

1. कोनरा पंचायत को आदर्श पंचायत बनाना
2. कोनरा पंचायत के गरीब बच्चियों की शादी विवाह के लिए फंड की व्यवस्था करना,
3. रियाडा में विस्थापित रैयतो को प्राथमिकता के साथ रोजगार दिलाना
4. गरीब मेधावी बच्चों एवं बच्चियों की निःशुल्क शिक्षा की व्यवस्था करना,
5. कोनरा पंचायत में सभी धर्म, जाति संप्रदाय के बीच आपसी भाईचारगी कायम रखना,
6. गरीब, विधवा, बुजुर्ग को पेंशन दिलाना
7. जरूरतमंद गरीब को राशन कार्ड उपलब्ध कराना
8. बिना किसी भेदभाव के सभी के विकास के लिए काम करना




सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर

## झारखण्ड मुक्ति मोर्चा ने झूठा आमा में किया पुर्नगठन

**अपेम लाइव : बिरनी/गिरिडीह**
**सब्बा अहमद**




पुर्नगठन के बाद माल्यार्पण करते कार्यकर्ता




बिरनी प्रखंड अंतर्गत झारखण्ड मुक्ति मोर्चा ने बिरनी का पुर्नगठन किया। जिसमें इस गठन का अध्यक्षता फागु मराण्डी कर रहे थे वही संचालक म्हबुद आलम कर रहे थे। वही समारोह में उपस्थित रहे हैं जिला के वरिष्ठ नेताओं सुमन सिन्हा,गौरभ कुमार, सोभा यादव और जिला. उपाध्यक्ष त्रिभुवन मंडल वही इस झारखण्ड मुक्ति मोर्चा ने पुर्नगठन करने के बाद दर्जनों लोगों को माल्यर्पण करके पार्टी में शामिल किया गया जिसमें जिलाउपाध्यक्ष त्रिभुवन मंडल ने लोगो को संबोधित करते हुवे कहाँ की झारखंड मुक्ति मोर्चा ने पूरे गिरिडीह में तीन अनुमंडल हेमंत सरकार के कार्यकाल में किया गया। जिसमें सरिया बगोदर, खोरीमाहुवा, देवरी वही गिरिडीह में तीन पावर ग्रिड का दिया जमुआ,गिरिडीह और 40 साल से बंद पड़े सरिया पॉवर ग्रिड चालू कर दिया गया। जिसमें बिरनी में बिजली के बहुत परेशान होना पड़ता था। वही की हेमन्त सरकार द्वारा बिरनी में बिजली पूर्ण रूप से मिलने लगी है। जिसमें उप. स्थित रहे झारखंड मुक्ति मोर्चा के बिरनी प्रखंड अध्यक्ष मजीद अंसारी,कोशाध्यक्ष रिज़वी अन्सारी,जिला संगठन सचिव झारखण्ड युवा मोर्चा राजू अंसारी प्रखंड प्रभारी अर्जुन मंडल, वरिष्ठ नेता असगर अंसारी, मीडिया प्रभारी मकसूद अंसारी, असफाक,इम्तियाज, हाफिज शब्बीर आलम,सादिक अंसारी, मुश्लिम अंसारी और सैकड़ों की संख्या में पार्टी के कार्यकर्ताओं उप. स्थित रहे। प्रखंड अध्यक्ष मजीद अन्सारी, प्रखंड उपाध्यक्ष अमित कुमार सिन्हा, महबूब आलम, मोहन पासवान, असगर अंसारी, इन्द्रदेव रॉय, प्रखंड सचिव कृष्ण मुरारी, मुश्लिम अंसारी,राम सुंदर दास, नूर मोहम्मद प्रखंड संगठन सचिव फागु माझी, सादिक अन्सारी, फरीद अंसारी, इद. रीश अन्सारी, प्रखंड कोशाध्यक्ष रिज़वी अन्सारी, प्रखंड मीडिया प्रभारी मकसूद अंसारी, बालेश्वर सिंह, नारायण बैठा,राजेन्द्र सिंह, डॉ० मंसूर अन्सारी, भोला वर्मा,उगन मंडल,राम. वरिक्ष मण्डल, संतोष ठाकुर आदि।

## एनटीपीसी के कन्वेयर बेल्ट मे स्थानीय लोगों की अनदेखी पर भड़की विधायक अंबा

### हर स्थानीय लोगो को रोजगार सुनिश्चित करें : अम्बा

**अपेम लाइव : बड़कागांव**
**अमित मालाकार**



स्थानीय युवाओं को आश्वासन देते विधायक अंबा प्रसाद

पकरी बरवाडीह कोल खनन परियोजना द्वारा लगातार स्थानीय लोगों का रोजगार के मुद्दे पर अनदेखा करने पर बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद द्वारा कड़ा रुख अपनाया गया। गुरुवार को स्थानीय विधायक अंबा प्रसाद द्वारा रोजगार को लेकर पूरे विस्थापित एवं प्रभावित क्षेत्रों का तूफानी दौरा किया गया एवं स्थानीय लोगों को स्थानीयता के आधार पर रोजगार जागरूकता अभियान चलाया गया।विधायक ने कहा कि यह अभियान आज से शुरू हो गया है और जब तक कम से कम 75ः स्थानीय लोगों का रोजगार माइंस, कन्वेयर बेल्ट एवं ट्रांसपो. र्टिंग में सुनिश्चित नहीं कर लूंगी तब तक यह अभियान जारी रहेगा। विधायक द्वारा कहा गया कि हाई लेवल कमिटी का गठन कर एनटीपीसी कई वर्षों से लोगों को मूर्ख बना रही है एवं रोजगार उपलब्ध नहीं होने की बात कर रही है परंतु अब जब कन्वेयर बेल्ट में रोजगार उपलब्ध है तो बाहरी लोगों को कैसे नियुक्त किया जा रहा है। मुझे शिकायत मिल रही है कि कन्वेयर बेल्ट एजेंसी द्वारा तीस-चालीस हजार रुपए लेकर बाहरी लोगों को नियुक्ति पत्र दे रही है, जिससे किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई करवाऊंगी। झारखंड के माननीय मुख्यमंत्री द्वारा स्थानीय को 75ः रोजगार देने का जो निर्णय लिया गया है उस आदेश का पालन कंपनी को करना ही होगा। राज्य सरकार के आदेश के विरुद्ध काम करके कंपनी अपने आप को सरकार और कानून के ऊपर समझ रही है। खनन कार्य, ट्रांसपोर्टिंग कार्य, कन्वेयर बेल्ट सहित सभी एजेंसियों में स्थानीय लोगों को न्यूनतम 75ः रोजगार कंपनी को देना ही होगा। स्थानीय विस्थापित एवं प्रभावित ग्रामीणों को रोजगार दिलवाने तक कंपनी से संघर्ष जारी रहेगा, कंपनी मेरे खिलाफ जो भी हथकंडे अपनाए मैं पीछे नहीं हटूंगी।

जब तक स्थानीय लोगों को रोजगार उपलब्ध कराने की पहल नहीं की जाएगी तब तक कन्वेयर बेल्ट का कार्य पूरी तरह से रहेगा ठप

अंबा प्रसाद ने कहा कि स्थानीय लोगों की अनदेखी कर बाहरी लोगों को नियुक्त करने का कार्य किया जा रहा है जिसका कदम कदम पर कंपनी को विरोध होगा। जब तक कंपनी प्रबंधन द्वारा स्थानीय लोगों को नियुक्ति प्रदान करने के लिए ठोस कदम नहीं उठाया जाता है तब तक कन्वेयर बेल्ट का कार्य पूरी तरह से ठप रहेगा। स्थानीय लोगों को रोजगार से जोड़ने हेतु मुहिम की शुरुआत हो चुकी है और कम से कम 75ः रोजगार सुनिश्चित होने तक संघर्ष जारी रहेगा तथा इसके लिए आने वाले समय में आंदोलन को और तेज किया जाएगा।

## अंबा प्रसाद की पहल पर बड़कागांव में डिग्री कॉलेज की होगी स्थापना

**अपेम लाइव : बड़कागांव**
**अमित मालाकार**



झारखंड उच्च तकनीकी शिक्षा विभाग के अंतर्गत बड़कागांव में विधायक अंबा प्रसाद के प्रयासों से डिग्री क०लेज स्वीकृत हुआ है। मंत्रिपरिषद की बैठक से तकनीकी स्वीकृति तक इस महत्वाकांक्षी योजना को धरातल पर उतारने के लिए उन्होंने लगातार प्रयास किया है । उन्ही प्रयासों के बदौलत डिग्री क०लेज धरातल पर उतरने जा रहा है। विधायक अंबा प्रसाद ने कहा कि बड़कागांव में डिग्री महाविद्यालय का निर्माण होना बड़कागांव तथा आ. सपास के छात्र छात्राओं के लिए एक वरदान साबित होगा। बड़कागांव के छात्र छात्राओं को 30-35 किला. ेमीटर दूर पढ़ाई करने नहीं जाना होगा। उन्होंने कहा कि इस डिग्री क०लेज की स्थापना से जहां उच्च शिक्षा की सुविधाओ से वंचित क्षेत्र की जनता को राहत मिलेगी वही उच्च शिक्षा के स्तर में गुणात्मक वृद्धि भी होगी। काफी मेहनतो के बाद इस तरह के डिग्री क०लेज की स्थापना होने जा रही है जिससे क्षेत्र के बालक- बा. लिकाओ का सर्वागींण विकास करके उनको एक आदर्श नागरिक के रूप में तैयार करने में यह मील का पत्थर साबित होगा। डिग्री कॉलेज के निर्माण के लिए बड़कागांव के ग्राम भदूली पिपराडीह में 5 एकड़ गैरमजरूआ खास परती भूमि का सर्वे करने गई राज्य भवन निर्माण निगम लिमिटेड की टीम का ग्रामीणों द्वारा विरोध करने को लेकर विधायक ने कहा कि ग्रामीणों को सही से जानकारी नहीं दी गई। मैं खुद पिपराडीह जाकर डिग्री महाविद्यालय के निर्माण हेतु ग्रामीणों से बात करूंगी, उनकी बातों को सुनूंगी और उनके समस्यायों का समाधान करूंगी। मुझे विश्वास है ग्रामीण खुद महाविद्यालय निर्माण के लिए आगे आएंगे।

## मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल प्रतियोगिता का विजेता बना कैंडीनगर

### खेल से तन,मन और शरीर होता है मजबूत : बीडीओ

**अपेम लाइव : कान्हाचट्टी**
**प्रमोद सिंह**



खिलाड़ियो को पुरस्कृत करते अतिथि

प्रखण्ड के रामनगर उच्च विद्यालय के स्टेडियम में चल रहे मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटब०ल प्रतियोगिता का समापन गुरुवार को किया गया। इस प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला चिरिदिरी पंचायत नबनाम कैंडीनगर के बीच खेला गया,जिसमे पहले दोनो टीमें एक एक गोल कर बराबरी पर रहे निर्धारित समय मे दोनो टीमें बराबरी पर रहने के बाद समय समाप्त होने के बाद पेनाल्टी सूट में कैंडी नगर की टीम ने चिरिदिरी पंचायत की टीम को शिकस्त दी।बताते चलें कि इस मुख्यमंत्री प्रतियोगिता में दस टीमें भाग ली थी।विजेता टीम को बी डी ओ हुलास महतो,प्रमुख रुणा देवी,एवं अन्य अतिथियों ने कप देकर एवं जर्सी देकर सम्मानित किया।मौके पर उपस्थित ला. ेगों को बी डी ओ हुलास महतो ने कहा कि खेल से तन,मन और शरीर स्वस्थ्य रहता है।और खेल को खेल भावना से खेलें।मौके पर रा. जेश दास, सच्चदानंद सिंह, जय प्रकाश शर्मा, बीपीओ निरजंन सिंह, नवीन तिर्की, यदुनंदन राम, पप्पू सिंह, सन्दीप कुमार सिंह, एवं अन्य लोग उपस्थित थे।

## टाटीझरिया : एक तरफ वन संरक्षण का संदेश, दूसरी तरफ पेडों की अंधाधुंध कटाई

### वनकर्मी ड्यूटी करने के बजाय क्षेत्र में लगे रहते हैं वसूली में

**अपेम लाइव : विष्णुगढ़**
**मिथिलेश गोल्डी**



दुनिया को पेड-पौधों को लाल डोर बांध वन संरक्षण करने का संदेश देने वाला टाटीझरिया में इनदिनों वनों का लगातार दोहन किया जा रहा है। प्रखंड क्षेत्र में पेडों की अंधाधुंध कटाई जारी है। इसे रोकने के बजाय वनकर्मी क्षेत्र में वसूली करने में लगे रहते हैं। टाटीझरिया के दूधमटिया से दुनिया को वृक्षाबंधन का संदेश दिया गया। आज राज्य और देश के विभिन्न हिस्सों में वनों का रक्षाबंधन कर इसे बचाने का संकल्प लिया जा रहा है। लेकिन दीपक तले अंध. ेरा वाली स्थिति टाटीझरिया में चरितार्थ हो रहा है। प्रखंड के डहरभंगा, घुघुलिया, झरपो, धरमपुर, डुमर, बेडम, हतवाल, कोल्हू, मायापुर, नारायणपुर, खैरा, करमा, बेडमक्का, टाटीझरिया, होलंग, बन्हें, केसोडीह, मूरकी, बिशाय, हटवे, मडपा, दूधमनिया, खंभवा, बांडीह, अमनारी, मंगरपट्टा, परतंगा, जोभी सिमरा, गो. धिया आदि क्षेत्रों में हरे-भरे सखुआ और अन्य पेडों की कटाई बदस्तूर जारी है। जब इसकी जानकारी वन विभाग के कर्मियों को होती है तो वह कार्यवाही करने के बजाय उनसे वसूली करने में लगे रहते हैं। क्षेत्र के वन प्रबंधन समितियों का भी कहना है कि जिनके जिम्मे इसे रोकना है वही इसे बढावा दे रहे हैं तो इस स्थिति में वन संरक्षण की बात करना बेमानी है। वन विभाग के अधिकारी दूधमटिया पर्यावरण मेले में बडे-बडे दावे करते हैं लेकिन जमीनी हकीकत कुछ और ही है। वन विभाग के कर्मचारी मौन साध अनजान बने हुए है। इनकी आंखों के सामने हरे पेड़ों की कटाई अंधाधुंध हो रही है। आरोप है कि विभागीय कर्मी मिल जुलकर हरे पेड़ों की कटाई के खेल में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। अगर यही हालात रही तो क्षेत्र पेड़ों से खाली हो जाएगा। पर्यावरण को संतुलित रखने के लिये पेड़-पौधों का होना आवश्यक है। इसके लिये सरकार द्वारा बड़े-बड़े स्ला. ेगन लिखवाये जाते हैं, प्रचार-प्रसार किया जाता है। पर सच यह है कि पेड़ तो कम लगते हैं अलबत्ता उनकी कटाई जोरों पर हो जाती है।



काटे गए पेड़

बिछाये जा रहे पाईप लाईन से गैवियन और वृक्षों को पहुंचाया जा रहा नुकसान

विष्णुगढ़ के कोनार डैम से हजारीबाग शहर को पेयजल आपूर्ति किया जाना है। इसके लिए एनएच के किनारे पाईप लाईन बिछाया जा रहा है। इस दौरान जगह-जगह वृक्षों को नुकसान पहुंचाया गया है। टाटीझरिया के बाबा बालक नाथ मंदिर के पास समीप पाईप बिछाने के लिए गड्ढा करने के दौरान एक हरा पेड को जड से उखाड दिया गया है। ऐसे कई छोटे-छोटे पौधे हैं जिसे पेड बनने से पहले उसकी हत्या कर दी जा रही है। एलएंडटी कंपनी के जरिये काम कराया जा रहा है। दूधमटिया के पास पौधों के सुरक्षा के लिए बनाया गया गैवियन को भी पाईप बि. छाने के क्रम में गिरा दिया गया है। बिजली सबस्टेशन दूधमटिया से कुबरी पुल के बीच आधा दर्जन गैवियन को नुकसान पहुंचाया गया है। पेड या पौधों को नुकसान पहुंचाने के बाद इसके मजदूर तुरंत उसे वहां से हटा देते हैं ताकि इसे देखने के बाद स्थानीय लोग इसका विरोध ना करें। बडा पाईप होने के कारण बडे क्षेत्रफल में मिट्टी की कटाई किया जा रहा है। इससे सडक किनारे लगे पेडों को भी नुकसान होने का खतरा है। पाईप बिछाने के लिए किया जा रहा गड्ढा में सडक किनारे लगे पेडों के जड नष्ट हो रहे हैं। यही स्थिति रही तो यकीनन इन पेडों की भी जिंदगी अधिक नहीं होगी।

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजिटल न्यूजपेपर

## मां खाना बनाकर करती रही बेटे का इंतजार, बेटे की जगह आई मौत की खबर

### गांव के होनहार युवक के मौत से सदमे में हैं ग्रामीण, नहीं जला चूल्हा

**अपेम लाइव : टाटीझरियां**
**राज कुमार**



रोते बिलखते परिजन और ग्रामीण

हजारीबाग में लॉज में रहकर अंग्रेजी प्रतिष्ठा सेमेस्टर चार में पढ़ाई कर रहा सुनिल कुमार (22 वर्ष) पिता रामप्रसाद ठाकुर निवासी बेडमक्का घर में चल रहे धनकटनी के लिए लगभग दस दिन पहले घर लौटा था। इसी दौरान मंगलवार को वह अपना बडा भाई सुभाष कुमार ठाकुर जो रांची में जॉब करता था उसे घर लाने के लिए अपने दोस्त प्रदीप के साथ झुमरा गया हुआ था। लौटने के क्रम में पेटो गांव में हो रहे विवाद के बीच बचाव करने गए सुनिल को अपना जान गंवाना पडा। बुधवार सुबह उसकी लाश कुआं में तैरता मिला। इस घटना के बाद से टाटीझरिया के बेडमक्का, नारायणपुर, खैरा क्षेत्र के ग्रामीण सदमे में हैं। गुरूवार को बेडमक्का में गांव के होनहार युवक के मौत के गम में चूल्हा नहीं जला। आक्रोशित लोगों ने विधायक अमित कुमार यादव, पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव, झामुमो जिलाध्यक्ष शंभूलाल यादव के नेतृत्व में लाश के साथ पेटो में एनएच-100 को जाम कर दिया। जाम में जुटे सैकडों महिला-पुरूष ने आरोपियों को अविलंब सजा देने की मांग किया। वहीं सुनिल की मौत के गम से उसकी मां गायत्री देवी की चित्कार से माहौल गमगीन हो गया। वह घर में अपने दोनों बेटों के लिए खाना बनाकर इंतजार करती रही। लेकिन उसे क्या पता था कि अब उसका बेटा कभी नहीं लौट पाएगा। पिता बीसीसीएल में कार्यरत हैं बेटे की मौत की खबर ने उसे झकझोर दिया है। टाटीझरिया के झरपो, भरा. जो, खैरा, बेडमक्का, नारायणपुर व आसपास इलाके के लोगों का आवागमन पेटो होकर ही होता है। इस रास्ते पर कई बार लोगों के साथ छिनतई, लूटपाट की घटना हुई है। इसकी सूचना स्थानीय पुलिस प्रशासन को भी दी गई है लेकिन फिर भी स्थिति नहीं बदली है। क्षेत्र के लोगों का कहना है कि आवागमन के लिए उनका यह मुख्य मार्ग है अगर ऐसी घटनाओं पर अंकुश नहीं लगाया जाएगा तो आनेवाले दिनों में स्थिति और भी भयावह हो जाएगी।

## हत्या से आक्रोशित ग्रामीणों ने एनएच किया जाम, हत्यारों को जल्द गिरफ्तार करने की मांग

### आरोपी के घर को आग लगाए जाने के बाद फैला तनाव, रैप के जवान रहे तैनात

**अपेम लाइव : टाटीझरियां**
**राज कुमार**



हत्यारों को गिरफ्तार करने की मांग को लेकर बैठे ग्रामीण

दारू थाना क्षेत्र के पेटो के एक कुआं में टाटीझरिया थाना क्षेत्र के बेडमक्का निवासी सुनील कुमार ठाकुर की लाश मिलने के दूसरे दिन ग्रामीणों और परिजनों का गुस्सा फूट पड़ा। गुरुवार की सुबह बरकट्ठा विधायक अमित यादव के नेतृत्व में गाड़ियों में सवार होकर काफी संख्या में लोग दारू थाना पहुंचे। थाना में थाना प्रभारी के मौजूद नही रहने से नाराज लोगों ने पेटो चौक के पास एनएच 100 को 2.30 घंटे तक जाम कर दिया। इस दौरान जाम कर रहे लोगों का साथ देने पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव, जेएमएम के जिला अध्यक्ष शंभुलाल यादव पहुंचे हुए थे। जाम कर रहे लोगों ने हत्या में आरोपित सभी पांच लोगों की गिरफ्तारी की मांग की साथ ही लोगों ने दारू थाना प्रभारी के वि. रोध में नारेबाजी किया। ग्रामीण थाना प्रभारी की शैली से काफी नाराज नज़र आ रहे थे। जाम के दौरान सड़क के दोनो ओर गाड़ियों की लंबी कतारें लग गई। जाम में फंसे लोग काफी परेशान नज़र आये हालांकि इस दौरान जामकर्ताओं द्वारा एम्बुलेन्स और स्कूली बच्चों की गाड़ी को जाने दिया गया। जाम करने वाले लोगों से वार्ता करने सदर एसडीपीओ महेश प्रजापति, मुफ्फसिल थाना प्रभारी बजरंग महतो भी पहुंचे। वार्ता के दौरान विधायक अमित यादव और पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव ने पुलिस की कार्यशैली से नाराजगी दिखाते हुए आरोपी लोगों की 24 घंटे के अंदर गिरफ्तार करने की मांग की अन्यथा वे फिर से सड़क जाम कर बैठ जाने की बात कही। एसडीपीओ ने हत्या आरोपितों को जल्द गिरफ्तार करने की बात कही और साथ ही उन्होंने कहा कि सभी आरोपियों को कठोर से कठोर दंड दिलाया जाएगा। पुलिस के आश्वासन के बाद करीब ढाई घंटे के बाद जाम खुला।




## विष्णुगढ़ में शहीदों की याद में शोकसभा का आयोजन

**अपेम लाइव : विष्णुगढ़**
**मिथिलेश गोल्डी**



शोकसभा में शामिल भाजपा महिला मोर्चा कार्यकर्ता

भारतीय जनता पार्टी विष्णुगढ़ पश्चिमी मंडल ने गुरुवार को कुन्नूर में हेलीक०टर हादसे में मारे गए सीडीएस जनरल विपिन रावत, पत्नी मधुलिका रावत समेत अन्य वीर शहीदों की याद में रमुवां दुर्गा मंदिर प्रांगण में शोक सभा का आयोजन किया गया। शो. कसभा में सभी शहीदों के चित्र पर भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। दो मिनट का मौन धारण कर ईश्वर से शहीदों के आत्मा की शांति की प्रार्थना की गई। मौके पर महिला मोर्चा अध्यक्ष अंजू देवी ने कहा कि ये देश के लिए अपूरणीय क्षति है। इसकी भारपाई संभव नहीं है। उन्होंने देश सेवा के लिए अहम योगदान दिया। उनके कई कीर्तिमान अविस्मरणीय रहेंगे। शोकसभा में मंडल अध्यक्ष केबी मंडल, महिला मोर्चा अध्यक्ष अंजू देवी, सीमा देवी, उषा देवी, गायत्री देवी, सीमा देवी, प्रमिला देवी, बबीता देवी, काजल देवी, सुमन देवी, डेजी सिन्हा, इंदु देवी, नीमा सिन्हा, गुरु प्रसाद साव, राजेश सोनी, जीवन सोनी, रवि कुमार पांडेय समेत कई लोग मौजूद थे।



सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर

## चलकुशा प्रखंड में हाथियों का आतंक लगातार जारी

### वन अधिकारियों के खिलाफ ग्रामीणों में आक्रोश

**अपेम लाइव : चलकुशा**
**विक्रम सिंह**





चलकुशाः प्रखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत सुदन में बीती रात हाथियों के आतंक लगातार जारी हैं। टेकचंद राणा पिता गेंदरी राणा, नकुल राणा, गोपी राणा, छोटा राणा, पिता रामी राणा, सविता देवी पति वीरेंद्र राणा, सरिता देवी, पति महेश राणा का हाथियों द्वारा मकान को ध्वस्त कर मकान में रखे लगभग 55 से 60 क्विंटल धान को चट लिया। साथ ही ग्राम चंदनगुंडों निवासी रामदेव यादव पिता स्वर्गीय एतवारी यादव का खलिहान में रखा हुआ धन को भी खा गए। हाथियों के आतंक से चलकुशा प्रखंड के किसान वन विभाग के इस रवैया से काफी आक्रोश में नजर आ रहे हैं। किसानों का कहना है कि वन अधिकारी अपने टीम बुलाकर जल्द से जल्द चलकुशा प्रखंड से हाथियों को बाहर निकाले और नुकसान हुए किसानों उचित मुआवजा जल्द से जल्द उचित मुआवजा मुहैया कराए।

## चलकुशा में प्रखंड स्तरीय मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबश्वल टूर्नामेंट प्रतियोगिता का शुभारंभ

**अपेम लाइव : चलकुशा**
**विक्रम सिंह**



चलकुशाः प्रखंड के ग्राम चटकरी में स्वर्गीय गांगो महतो फुटब०ल स्टेडियम में मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटब०ल टूर्नामेंट प्रतियो. गिता का शुभारंभ किया गया। प्रखंड विकास पदा. धिकारी समरेश प्रसाद भंडारी, अंचल अधिकारी शशिकांत सिंकर, प्रमुख लखिया देवी,बीईईओ अशोक कुमार पाल, थाना प्रभारी विरेन्द्र सिंह,ने संयुक्त रुप से खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया। प्रखंड विकास पदाधिकारी के द्वारा फुटब०ल को किक मारकर मैच का शुभारंभ किया। मैच का उद्‌घाटन मनैया वर्सेस चौबे के बीच खेला गया ।जिसमें मनैया की टीम 2 ,0से विजय रहा इस मौके पर बीडियो ने कहा की सरकार और जिला प्रशासन का ग्रामीण स्तर पर फुटब०ल टूर्नामेंट कराने का उद्देश्य खिलाड़ियों में छिपी प्रतिभा को निखारने तथा जिला और राज्य स्तर की प्रतियोगिता में शामिल कराना है ।उन्होंने कहा कि प्रखंड स्तर पर विजेता टीम को जिला स्तरीय प्रतियोगिता में भेजा जाएगा। सीओ शशिकांत सिंकर ने कहा कि खेल से खिलाड़ियों में मानसिक और शारीरिक विकास के साथ रोजगार का सृजन भी होगा। बीईईओ अशोक पाल ने कहा की फाइनल मुकाबला की विजेता टीम को हजारीबाग में मैच खेलने के लिए भेजा जाएगा ।मौके पर नव पंचायत के जनप्रतिनिधि गण एवं काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## ट्रक के चपेट में आई महिला की मौत

**अपेम लाइव : बरकट्ठा**
**सुनिल कुमार**



सड़क दुर्घटना में पलटा ट्रक

बरकट्ठा प्रतिनिधि गोरहर थाना क्षेत्र के गोरहर ग्राम के निकट एक ट्रक ने महिला को चपेट में ले लिया। हादसे में महिला की मौत मौके पर ही हो गई। घटना में ट्रक पीबी 10 सीजेड 4395 पलट गया। मृतक महिला अनिता देवी पति स्व अशोक कोल के रूप में शिनाख्त हुआ है। प्रत्यक्षद. र्शियों के मुताबिक गोरहर गांव के पास फोरलेन रोड को वनवे को बनाया गया है। मृतका उसी रोड को पास कर रही थी। इसी बीच वह वहां के चपेट में आ गई। मृतका के पति का चार वर्ष पूर्व देहांत हो गया। उसके चार छोटे छोटे मासूम बच्चे हैं। इनमें जितेंद्र कोल, 14 पुत्र, पूजा कुमारी (10), खुशबू ( 8) और एक पांच वर्ष की छोटी पुत्री है। बच्चे की मां की मौत के बाद सभी अनाथ हो गए। घटना के बाद गोरहर थानाप्रभारी राधा कुमारी ने शव को जब्त कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया ।परिस्थित थे।

## मृतका के परिजनों ने आरोपियों को गिरफ्तार करने की मांग किया

**अपेम लाइव : बरकट्ठा**
**सुनिल कुमार**



बरकट्ठा : नाई समाज के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर और तारकेश्वर ठाकुर के नेतृत्व में मृतक सोनी देवी के पिता बालगोविंद ठाकुर डपोक थाना बरही निवासी ने अपने परिजन व ग्रामीणों के साथ गुरुवार को बरकट्ठा थाना पहुंचकर आरोपियों को गिरफ्तार करने की मांग की है।मृतक के परिजनों के मुताबिक सोनी देवी की शादी 22अप्रैल 19 को बरकट्ठा थाना क्षेत्र के बेडो. कला निवासी अनिल ठाकुर पिता मुंशी ठाकुर के साथ संपन्न हुआ था। लेकिन दहेज को लेकर हमेशा सोनी को प्रताड़ित किया गया। अंततः 28 सितंबर 21 को गला घोंटकर निर्मम हत्या कर दी गई। इस बाबत मृतका के पिता बालगोविंद ठाकुर ने 29 सितंबर को थाने में आवेदन दिया गया। आवेदन के आधार पर बरकट्ठा थाना कांड संख्या 208/21 के तहत मामला दर्ज किया गया है। परन्तु दो माह से अधिक समय बीत जाने के बाद भी पुलिस आरोपियों को गिरफ्तार नहीं किया है। वहीं नाई समाज के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर ने आरोपियों को गिरफ्तार करने के लिए थाना प्रभारी को एक सप्ताह का अल्टी. मेटम दिया है। थाना प्रभारी ने आश्वासन दिया कि इस मामले में जो भी आरोपी होगा उसपर अवश्य कार्रवाई कि जाएगी।

## विष्णुगढ़ में वाणिज्य कर विभाग द्वारा एकदिनी कार्यशाला सह जागरूकता शिविर

### पांच लाख से अधिक टर्नओवर वाले व्यापारियों को देना होगा पेशा कर

**अपेम लाइव : विष्णुगढ़**
**मिथिलेश गोल्डी**




विष्णुगढ़ में व्यापारियों को संबोधित करते राज्य कर पदाधिकारी सह नोडल पदाधिकारी

विष्णुगढः झारखंड पेशा कर को लेकर गुरुवार को वाणिज्य कर विभाग हजारीबाग अंचल द्वारा विष्णुगढ़ सातमील मोड़ में एकदिवसीय कार्यशाला सह जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यशाला का उद्‌घाटन राज्य कर पदाधिकारी सह नोडल पदाधिकारी पृथ्वी लाल र०य ने किया। उन्हा. ेने कहा कि राज्य सरकार ने झारखंड वृत्तियों व्यापारों, आजीविकाओं और रोजगार पर कर अधिनियम में संशोधन करते हुए जिनका वार्षिक सकल टर्नओवर पांच लाख से अधिक हो, उन सभी को पेशा कर के दायरे में लाया गया है। इसमें पांच लाख के नीचे टर्नओवर वाले व्यापारी को छूट दी गई है। पांच लाख से 10 लाख तक एक हजार रूपए सालाना, 10 लाख से 25 लाख तक टर्नओवर वाले व्यापारी को 1500 रूपए, 25 लाख से 40 लाख तक के टर्नओवर वाले को दो हजार तथा 40 लाख से अधिक टर्नओवर वाले व्यापारी को सालाना 25 सौ रूपए वार्षिक जेपीटी कर का भुगतान करना है। व्यापारी इसके लिए एकल फार्म जेपीटी 01 भरकर एक ही समय में रजिस्ट्रेशन और इनरॉलमेंट किया जा सकता है। इसका एप्रूवल होते हीं पेशा कर का भुगतान किया जा सकता है। इसके साथ ही एकल फार्म जेपीटी 04 में भुगतान रसीद के आधार पर रिटर्न भी ऑटो जेनरेट होता है। 15 दिसंबर तक इसके लिए हजारीबाग अंचल में सुविधा केन्द्र बनाया गया है। कहा कि 15 दिसंबर के बाद इसे सख्ती से ब्याज सहित वसूलने के लिए अभियान चलाया जाएगा। मौके पर कैलाश प्रसाद, अजीत कुमार, बालेश्वर स्वर्णकार, संतोष कुमार, संजय कुमार, विक्रम कुमार, बसंत नारायण सिंह, गोपाल प्रसाद समेत कई व्यापारी मौजूद थे।

## मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबश्वल टूर्नामेंट में कई पंचायत खिलाड़ी लिया भाग

**अपेम लाइव : चूरचू**
**अरविन्द टुडू**

चुरचू प्रखंड के बिरसा तथा पटेल मैदान में गुरुवार को मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटब०ल टूर्नामेंट का खेल खेला गया मैच में इस क्रम में प्रखंड के आठो पंचायत के खिलाड़ियों ने भाग लिया वही बालीका में प्रखंड चार पंचायत के खिलाड़ियों ने भाग लिया जैसे आंगो, हेंदेगढा, इन्दरा, तथा जरबा के बालीका खिलाड़ियों के बीच फुटब०ल मैच खेला गया। और बालीकाओ में जरबा बनाम इन्दरा के बीच फैनल खेला गया जरबा ने एक गोल से विजय हुआ साथ ही पुरूष खिलाड़ियों में बहेरा बनाम आंगो के बिच खेला गया। चुरचू उप प्रमुख चौलेशवर महतो ने कहा कि फुटबॉल स्वास्थ्य मनोरंजन के साधन है वहीं कैरियर बनाने का भी साधन व जरिया है। खेल तन मन को स्वस्थ रखती है। मौके पर प्रखंड विकास पदा. धिकारी इन्द्र कुमार शिक्षा प्रसार पदाधिक. ारी मुरारी साही, इन्दरा मुखिया दशरथ महतो चुरचू प्रमुख प्रतिनिधि किशून महतो, बासुदेव करमाली, डॉ0 लो. कनाथ महतो, अंजलूस हांसदा, मनोज हांसदा सहित कई लोग उपस्थित थे।

## पुलिस ने अवैध कोयला लदा ट्रक को पकड़ा चालक समेत दो गिरफ्तार

**अपेम लाइव : बरकट्ठा**
**सुनिल कुमार**



जब्त किया गया ट्रक

बरकट्ठाः बरकट्ठा पुलिस ने अवैध कोयला लदा ट्रक को पकड़ा। इस बाबत थाना प्रभारी बिक्रम कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना मिली कि ट्रक न0 बीआर01जीसी 3403 पर अवैध रूप से कोयला लोड कर जी0टी0 रोड होते हुए धनबाद से बिहार ले जाया जा रहा है। उक्त सूचना से वरीय पदाधिकारीयों को अवगत करा कर उनके आदेशानुसार उक्त सूचना के सत्यापन और आवश्यक कारवाई हेतू बरकट्ठा थाना गेट के सामने गोरहर के तरफ से आने वाली वाहनों का जांच शुरू किया। ट्रक नं. बीआर01जीसी-3403 को चेकिंग के दौरान थाना गेट के सामने बैरियर लगा कर रोका गया। पुलिस ने चालक और उपचालक को मौके पर पकड़कर पुछताछ करने लगी। पुछने पर चालक नवीन कुमार पिता सुरज प्रसाद ग्राम नयकाटोला जिला मोतिहारी बिहार निवासी और उपच. ालक अजीत कुमार पिता नवल किशोर राय ग्राम मधु छपरा मोतिहारी बिहार निवासी ने बताया कि ट्रक में कच्चा कोयला लोड कर संतोष शर्मा, रोहित शर्मा और विकास चौधरी सभी ग्राम गोविंदपुर जिला धनबाद निवासी ट्रक मालिक के साथ मिलकर धनबाद से बिक्री हेतू बिहार भेजा जाता है। उक्त पकड़ाये कोयला के संबंध में चालक द्वारा किसी प्रकार का कोई कागजात प्रस्तुत नहीं किया गया। मौके पर ट्रक की तलाशी ली गई तो उक्त ट्रक में करीब 20 टन कच्चा कोयला लोड पाया गया। इस बाबत ट्रक के मालिक संतोष शर्मा,रोहित शर्मा और विकास चौधरी पर बरकट्ठा थाना कांड संख्या 265/21 के तहत मामला दर्ज करते चालक और उपचालक को न्यायिक हिरासत में भेजा गया।

APEM LIVE